5 साल बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

2 गज दूरी
मास्क जरूरी

मासिक
कुमावत इंडिया
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-6 | अंक-6 जनवरी-2023 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00

श्रीमती रेनु एवं श्री चेतन कुमावत

को

25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ

5 फरवरी

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

शुभेच्छु :

टीम चेतन धुंधारिया

(राज्य स्तरीय ''निक्षाय मित्र'' से सम्मानित संस्था)

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

अध्यक्ष	:	रमेश कुमावत (गेदर)	**मो. 9414554322**
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	**मो. 9887440666**
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	**मो. 9414810584**
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	**मो. 9549656438**
सदस्य ट्रस्टी	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	**मो. 9414994006**
		सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	**मो. 9829056063**
		हेमचन्द खड़गटा	**मो. 9351682036**
		रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	**मो. 9414074376**
		जयकिशन सोकिल	**मो. 9829125428**
		चेतन बालोदिया	**मो. 9414052736**
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	**मो. 9414263429**

सम्पादक मण्डल : रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) सम्पादक - 9414074376, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, गौरव अजमेरा 9829488824, प्रमोद कुण्डलवाल 9414362169, मनीष कुमावत 9660702083, रवि कुमावत **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, प्रभुदयाल तुनगरिया किशनगढ़ 9680931428, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया तथा मुकेश कारगवाल 9828606056, राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493 किशनगढ़ :** नन्दकिशोर पारमवाल **मो. 9667090499 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645**

प्रोसेसिंग व मुद्रक : राज ब्लॉक्स, करतारपुरा, 22 गोदाम, इण्डस्ट्रीज एरिया, जयपुर।

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385 यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रशीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित सम्पादक राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)

सम्पादकीय

हमारे जीवन में होने वाली सुख-दु:ख, मान-अपमान आदि घटनाओं का प्रभाव दीर्घकाल तक हमारे मानस पटल पर बना रहता है। हम इस संसार में अच्छे-बुरे कर्म करते हैं उसका प्रभाव सूक्ष्म संस्कार के रूप में हमारे चित्त व अचेतन मन में अंकित व संचित होता जाता है। सच कहें तो हमारे चित्त में संस्कारों का संसार बसा हुआ होता है। जैसे संसार में चहूं ओर शोर-शराबा सुनाई पड़ता है, वैसे ही चित्त में भी संस्कारों, स्मृतियों तथा घटनाओं का शोर-शराबा होता रहता है। हमारा चित्त भी तो उस सागर की तरह है, जिसमें बार-बार संस्कारों की लहर उठ रही है कभी सुखद तो कभी दु:खद तथा कभी पाप तो कभी पुण्य की। हमारा व्यवहार उसी अनुरूप परिवार के साथ चलता रहता है जो हमारे बच्चों के चेतन व अचेतन मन में प्रभाव डालता रहता है। हमें बच्चों को परिवार में अपने व्यवहार, कर्म पारिवारिक एवं सामाजिक गतिविधियों के द्वारा अच्छे व सूक्ष्म संस्कार उनके चित्त में संचित करने चाहिए जिससे उनके मानस पटल पर यह प्रभाव दीर्घकालीन तक रहे। सर्वप्रथम बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। यदि बच्चे मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तो परिवार का वातावरण और माहौल भी ठीक रहेगा। किंतु वर्तमान में हम 5-10 प्रतिशत उन बच्चों के बारे में चर्चा करेंगे जिन्हें डिस्लेक्सिया (learning disorder) की बीमारी है, यह एक विशेष समस्या है जिसमें उन्हें पढ़ने व सीखने की समस्या रहती है। बच्चों का देरी से बात करना, नये शब्दों को देरी से सीखना और पढ़ना, याद रखने में कठिनाई, वर्तनी उच्चारण में कठिनाई तथा सोचने-समझने में कठिनाई हो तो यह बीमारी हो सकती है। जब बच्चा थोड़ा बड़ा होकर विद्यालय जाने लगता है तभी इसका पता लग पाता है। यह तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या है। बच्चों में सामान्य रूप से शारीरिक स्तर पर इस समस्या के लक्षण नहीं दिखाई देते हैं परंतु जब उनमें बोलने, सीखने व भाषा संबंधित समस्याएं दिखाई देती है तभी इस बीमारी का पता लगता है। इस समस्या से प्रभावित बच्चों में मानसिक गतिविधियां भले ही असामान्य दिखाई देती हो किंतु यह कोई मानसिक रोग नहीं है। इस बीमारी का वैज्ञानिक रीति से संपूर्ण उपचार अभी तक उपलब्ध नहीं है तथापि इसके समुचित प्रबंधन के उपाय अवश्य हैं। वैज्ञानिकों व शोधार्थियों द्वारा उपचार एवं प्रबंधन प्रक्रिया में निम्नलिखित तीन चिकित्सा प्रणाली उपयोग में ले सकते हैं-

1. मनोवैज्ञानिक परामर्श परिवार एवं शिक्षकों द्वारा प्रति सप्ताह 30 मिनट व्यक्तिगत काउंसलिंग, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास व सीखने की क्षमता में वृद्धि हो सके।

2. यौगिक तकनीक इसके के अंतर्गत 10 मिनट नियमित सिंहासन एवं भ्रामरी का योगाभ्यास कराया जाए।

3. आयुर्वेदिक औषधि के अंतर्गत 45 दिनों तक ब्राह्मी, शंखपुष्पी और बच औषधि से निर्मित मिश्रण 30 से 100 ग्राम गाय के दूध के साथ नियमित सेवन कर लाभ उठाया जा सकता है।

इस उपचार-प्रक्रिया का कोई दुष्परिणाम (साइड इफेक्ट) नहीं होता है जिसे अपनाकर डिस्लेक्सिया से पीड़ित बच्चों के जीवन को सामान्य, सहज और समुन्नत बनाया जा सकता है। बच्चे स्वस्थ, सुखी और संस्कारी हों तो परिवार और समाज भी स्वस्थ और सुखी होगा।

- रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
विशिष्ठ संरक्षक : श्री यतेन्द्र सिंह, श्री रामेश्वर बम्बोरिया	4
अखिल कुमावत आईईएस टॉपर	5
पी.डी. कुमावत स्काउट जम्बूरी में सम्मानित	5
विशिष्ठ संरक्षक : श्री प्रारूप कुमावत, संरक्षक : श्री राजेश प्रसाद वर्मा	5
गायक मोहन कुमार बालोदिया का कार्यक्रम	6
मेघना कुमावत बीजेपी महिला मोर्चा सिविल लाइन्स मण्डल उपाध्यक्ष नियुक्त	6
सेवा भारती स्कूल के बच्चों को वाशिंग मशीन की सौगात	6
सांवेर भाजपा मण्डल में 4 कुमावत नियुक्त	7
अमरचंद मंडावरा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश महासचिव नियुक्त	7
नानूराम कुमावत कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष बने	7
रवि कुमार कुमावत बने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी	7
राधिका कुमावत इंस्पायर अवार्ड से सम्मानित	8
टीम-13 का दम का जयपुर दौरा	8
पचार एकता मंच, जयपुर द्वारा नववर्ष स्नेह मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन	8
शादी के लिए चार नहीं तीन साख टालने का निर्णय	9
श्रद्धा-सुमन चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना	9
मनीषा कुमावत को गौरव शिक्षक सम्मान	9
6 जनवरी को सीकर में जादूगर आंचल के शो के उद्घाटन में संतों ने की शिरकत	9
पंकज सिरोहिया विराट बजरंग दल के राजस्थान युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत	9
एक शाम श्याम सांवरे के नाम भजन संध्या का आयोजन	10
दहमी कलां बगरू द्वारा आयोजित वैवाहिक सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन	10
कुमावत बेलदार समाज सेवा संगठन की नवीन कार्यकारिणी गठित	10
ढूंढाड़ परिषद का पतंग महोत्सव सम्पन्न	10
विभिन्न संस्थाओं में भर्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित	11
उत्तराखण्ड सरकार ने डॉ. पवन कुमावत को विशेष अवार्ड से नवाजा	11
एक नजरिया ये भी	12
आओ संस्कृत सीखें	12
बोध कथा, भक्ति का महत्व, देवांशु को गोल्ड	13
राष्ट्रीय जम्बूरी-2023, समय सूचक का आश्य	14
सफल व चयनित अभ्यर्थियों को व बधाई, बधाई विज्ञापन	15
कुमावत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान, बधाई विज्ञापन	16
बसंत पंचमी पर्व, बधाई विज्ञापन	17
बाबू शोभाराम जी की 129वीं जयंती समारोह मनाया	18
बधाई, बधाई विज्ञापन	18
महाशिवरात्रि पर विशेष	19
आमदनी का जरिया कैंचुआ प्लांट	20
बजाज के शोरूम पर बजाज की नई पल्सर	20
यूं बनाए सूजी ढोकला, हरी सब्जियां खाये : सेहत बनायें	21
वास्तु की दिशाएं बदलेंगी आपकी किस्मत	22
आपका स्वास्थ्य : सर्दी जुकाम	23
विशिष्ठ संरक्षक/श्रद्धांजलि	24
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
'कुमावत इंडिया' पत्रिका नहीं मिलने पर यहां सम्पर्क करें	26
'कुमावत इंडिया' पत्रिका की कार्यकारिणी का विस्तार	27
'कुमावत इंडिया' पत्रिका के मुख्य संरक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार नागा का कार्यकाल पूर्ण	28
पार्वती कुमावत को पीएचडी	28
बधाई विज्ञापन	28
नववर्ष पर स्नेह मिलन तथा वृद्धजनों/प्रबुद्धजनों का सम्मान	29
श्रद्धांजलि विज्ञापन	29
श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन	30
बधाई विज्ञापन	30

विशिष्ठ संरक्षक

श्री यतेन्द्र सिंह B.Tech, MBA

निवासी डी-101, तारा नगर डी, खिरणी फाटक, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 मो. : 8745099606, 9214304543

श्री यतेन्द्र सिंह का जन्म 14 मार्च, 1985 को श्री मनमोहन सिंह दोराया (रिटा. प्रबन्धक यूको बैंक) के यहां हुआ। आप प्रारम्भ से ही प्रतिभा के धनी है। आप गत पांच वर्षों से AKQA (WPP) संस्था में प्रबन्धक के पद पर गुड़गांव हरियाणा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आपका विवाह सुरभि पुत्री श्री अनिल कुमार निवासी पटनासिटी से हुआ है जो अभी एचडीएफसी लिमिटेड, नई दिल्ली में वरिष्ठ प्रबन्धक के पद पर कार्यरत हैं। आपके एक पुत्री अनायरा कक्षा प्रथम में अध्ययनरत है। आप मृदुस्वभाव के हैं तथा सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणीय रहते हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

विशिष्ठ संरक्षक

श्री रामेश्वर बम्बोरिया BA, LLB

पुत्र श्री नन्दकिशोर कुमावत

प्लाट नं. 3, पवन टॉवर, सोडाला, जयपुर, मो. 8279113101

आप प्रारम्भ से ही प्रतिभावान व्यक्तित्व तथा संगठन क्षमता के धनी रहे हैं। आप सम्पत्ति क्रय-विक्रय का व्यवसाय कर रहे हैं। आप सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से भी सक्रिय हैं तथा सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) के अध्यक्ष हैं। महासभा में आपने अनेक कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न किए हैं। आपकी उद्बोधन एवं तार्किक क्षमता अद्वितीय है। आप कुमावत क्षत्रिय बाल शिक्षा समिति सोडाला जयपुर के मंत्री, भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के वर्ष 1994-98 उ.पू. जोन अध्यक्ष रहे तथा बाल निवास के ट्रस्टी हैं। आप भाजपा प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ में कोषाध्यक्ष व मंत्री रहे तथा वर्तमान में अजमेर देहात भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

अखिल कुमावत IES टॉपर



संघ लोक सेवा आयोग की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा (IES) इलेक्ट्रिक ब्रांच में जयपुर के अखिल कुमावत ने दूसरे प्रयास में सेल्फ स्टेडी करके देश में पहला स्थान अर्जित किया है।

अखिल कुमावत के पिता श्री शंकर लाल कुमावत जयपुर में एक निजी स्कूल संचालक है। अखिल ने जयपुर के MNIT से पढ़ाई की है, वर्तमान में ये इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. मुम्बई में अधिकारी हैं। इनकी सफलता से कुमावत समाज के युवा प्रोत्साहित होंगे।

अखिल कुमावत ने अपने माता-पिता व कुमावत समाज का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है, 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामना।

पी.डी. कुमावत स्काउट जम्बूरी में सम्मानित

18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी, नीमली, रोहट, पाली में 4-10 जनवरी, 2023 को आयोजित हुई। इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया था। इस जम्बूरी में 35 हजार स्काउट्स ने भाग लिया। **पी.डी. कुमावत** (दांतारामगढ़, करड) राज्य स्तरीय पुरस्कृत वरिष्ठ शिक्षक को सिक्योरिटी का इंचार्ज बनाया गया। इन्होंने माननीया राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, शिक्षा निदेशक इत्यादि अधिकारियों की अगवानी करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला।

राष्ट्रपति महोदया द्वारा जम्बूरी के उद्घाटन समारोह की व्यवस्था की जिम्मेदारी भी इन्हें सौंपी गई थी। इन्होंने अपनी जिम्मेदारी को अच्छे तरीके से निभाया। इनकी उत्कृष्ट सेवाओं को मध्यनजर रखते हुए स्काउट गाइड संस्थान ने जम्बूरी स्थल पर ही संगठन आयुक्त पुरण सिंह शेखावत, सहायक संगठन आयुक्त दामोदर शर्मा, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्नालाल द्वारा इन्हें प्रमाण पत्र और मोमन्टों देकर सम्मानित किया गया।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री पी.डी. कुमावत को यह सम्मान मिलने पर हार्दिक बधाई।

विशिष्ठ संरक्षक

श्री प्रारूप कुमावत

पुत्र श्री चन्द्रशेखर कुमावत (कारगवाल)
निवासी- बी-3, कृष्णापुरी, रांकडी, हटवाडा रोड़, जयपुर

आपका जन्म जिला जयपुर में 11.11.2001 को चन्द्रशेखर कुमावत के घर में हुआ। व्यवहार कुशल एवं मृदुभाषी स्वभाव के हैं। आप बचपन से प्रतिभा के धनी हैं। आप सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण कर कम्प्यूटर साइंस से बी.टेक कर रहे हैं। आपके पिता चन्द्रशेखर कुमावत निरीक्षण विभाग, वित्त भवन, जयपुर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत तथा माता श्रीमती रेणु कंवर गृहणी हैं। आपकी बड़ी बहन जोतिषा कुमावत एमबीए करके प्राईवट जॉब कर रही हैं। आप सदैव सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहते हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

संरक्षक

श्री राजेश प्रसाद वर्मा

निवासी- ए-10, गोविन्द नगर, खातीपुरा रोड़,
गोवर्धन स्काई मॉल के सामने, झोटवाडा, जयपुर-302012

आपका जन्म जिला जयपुर में स्व. श्री शीतल प्रसाद कुमावत (खोराणिया) के यहां हुआ था। आपका विवाह श्रीमती रेखा कुमावत पुत्री गैंदीलाल किरोडीवाल झोटवाडा के साथ हुआ। आपके पुत्र शोभित कुमावत व हर्षित कुमावत हैं। आप दोनों ने बच्चों का पालन पोषण बड़ी जिम्मेदारी के साथ करते हुए अच्छी शिक्षा प्रदान की। आपका बडा पुत्र शोभित कुमावत, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (राजपत्रित अधिकारी) है। आप पिछले 10 वर्षों से वुडन फर्नीचर का व्यवसाय कर रहे हैं। आप व्यवहार कुशल एवं मृदुभाषी होने के साथ कार्य के प्रति पूर्ण समर्पित हैं व सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

गायक मोहन कुमार बालोदिया का कार्यक्रम 'पर्दा है पर्दा' का संगीत प्रेमियों ने लुत्फ उठाया

जयपुर। बॉलीवुड को सैकड़ों सुपरहिट गीतों की सोगात देने वाले महान संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत प्यारेलाल को समर्पित एक कार्यक्रम **पर्दा है पर्दा** 8 जनवरी को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित हुआ। बालोदिया इवेंट्स के जाने-माने गायक मोहनकुमार बालोदिया के निर्देशन में कलाकारों ने लक्ष्मीकांत प्यारे लाल की जोड़ी के 27 सुपरहिट गीतों की माला पिरोकर संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। इसमें मोहन कुमार व वॉइस ऑफ लता मंगेशकर के नाम से मशहूर गायिका रश्मि बालोदिया आदि गायकों ने गीतों को अपनी आवाज दी। कार्यक्रम का संचालन अरूण किम्मतकर ने किया।

इन गीतों की प्रस्तुति रही खास

मोहन कुमार बालोदिया ने 'मेरा तो जो भी करम है वो तेरी राह में है', 'आप आए बहार आई', और 'मुबारक हो सबको समा ये सुहाना', रश्मि बालोदिया ने ' 'सोलह बरस की बाली उमर को सलाम' 'ओ राम जी बड़ा दु:ख दीना', नागेश भट्नागर व निकिता कोका लालवानी ने युगल गीत 'इक प्यार का नगमा है', राजीव सक्सेना ने 'मेरे महबूब कयामत होगी' राजीव व बेला माथुर के गाए 'जिन्दगी की ना टूटे लड़ी' आदि गीत गाए, जो सहज ही श्रोताओं के दिल में उतरते चले गए। गायक कलाकारों को सभी श्रोताओं ने सराहा है।

मेघना कुमावत बीजेपी महिला मोर्चा सिविल लाइन्स मण्डल उपाध्यक्ष नियुक्त

मेघना कुमावत पत्नी श्री दिलीप वर्मा (जलांधरा) को भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर शहर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनुराधा माहेश्वरी एवं सिविल लाईन मण्डल अध्यक्ष निर्मल राजपुरोहित के निर्देश पर इन्दु परमार अध्यक्ष महिला मोर्चा सिविल लाइन मण्डल जयपुर द्वारा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर अध्यक्ष श्री चेतन कुमावत, टीम चेतन धुंधारिया, भाजपा कार्यकर्ताओं, उनके पिता श्री रामप्रकाश मारवाल (सम्पादक, 'कुमावत इंडिया' पत्रिका) तथा कुमावत समाज के गणमान्य लोगों ने मेघना कुमावत को बधाई दी है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्रीमती मेघना कुमावत, को महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई।

सेवा भारती स्कूल के बच्चों को वाशिंग मशीन की सौगात

नववर्ष के अवसर पर अनुकृति के पिता राकेश कुमावत व माता श्रीमती मीना कुमावत सेवा भारती आश्रम शाला पहुंचे और वाशिंग मशीन भेंट करते हुए बच्चों को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। वाशिंग मशीन पाकर बच्चों में चेहरों पर खुशी की लहर छा गई। यहां पहली कक्षा से लेकर 12 कक्षा तक के 60 बच्चे अध्ययनरत है। बच्चों की यूनिफार्म साफसुथरी रहे, उनके कपड़ों की अच्छे से धुलाई हो सके, इसके लिए राकेश कुमावत ने यह वाशिंग मशीन भेंट की है।

अनुकृति के पिता राकेश कुमावत ने कहा कि अनुकृति को बचपन से ही छोटे बच्चों से लगाव था। सभी मन लगाकर पढ़ाई करें, किसी बात में संकोच नहीं करें। बच्चों ने इस अवसर पर मंगल गीत गाकर धन्यवाद दिया और संचालिका विमला कुमावत ने राकेश कुमावत और उनके परिवार का आभार व्यक्त किया।

साँवेर भाजपा मण्डल में 4 कुमावत नियुक्त

साँवेर जिला इंदौर, मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने केशरीपुरा निवासी **नेमीचंद** कारवाल एवं ग्राम बलौदा निवासी **मुन्नालाल कुमावत** को मण्डल उपाध्यक्ष ग्राम टीटावदा निवासी पूर्व सरपंच **कृष्णा कुमावत** को महामंत्री तथा केशरीपुरा निवासी **तुषार सिरोठा** को सोशल मीडिया सहयोगी के पद पर नियुक्त किया गया है।

इनकी नियुक्ति पर कुमावत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी व वर्तमान विधायक प्रतिनिधि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्री दिलीप जी चौधरी, वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष संदीप जी चंगेडिया तथा इष्टमित्रों व परिजनों के द्वारा बधाई दी गई।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से इन पदाधिकारियों को बधाई।

अमरचंद मंडावरा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश महासचिव नियुक्त

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग में अमरचंद मंडावरा को प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। अमरंचद मंडावरा ओबीसी विभाग कांग्रेस के महासचिव, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ में प्रदेश में महासचिव, मुख्य प्रवक्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर, पृथ्वीराज नगर जन अधिकार संघर्ष समिति में कार्य करते हुए अपनी पहचान बनाई है। इन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के अधिवेशन में दो बार पीसीसी चीफ द्वारा सम्मानित किया गया है। इन्हें लगभग 70 संस्थाओं द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

ये समाज के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में ये राजस्थान युवा कुमावत मोर्चा में उपाध्यक्ष, श्री कुमावत क्षत्रिय सामूहिक विवाह समिति में जन सम्पर्क एवं सांस्कृतिक मंत्री हैं।

'कुमावत इंडिया' परिवार की ओर से आपको प्रदेश कांग्रेस ओबीसी महासचिव बनाये जाने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

नानूराम कुमावत कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष बने

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा विभाग में श्री नानूराम कुमावत को जिलाध्यक्ष जयपुर देहात के पद पर नियुक्त किया गया है। कुमावत को जिम्मेदारी सोंपने पर कार्यकर्ताओं में खुशी लहर छा गई व बधाई देने वालों का तांता लग गया। कुमावत सामाजिक एवं राजैनतिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। आपका खेलों के प्रति रूझान रहा है आपने राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी आदि खेलों में अपने कौशल का परिचय दिया है। राजस्थान विश्वविद्यालय से एम.ए., बी.एड. करने के पश्चात विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अपनी सेवायें दी। राजनीति आप सन् 2008 से सक्रिय हैं तथा पार्टी में आपने पूर्ण जिम्मेदारी एवं लगन से कार्य किया है।

जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका परिवार की ओर से श्री नानूराम कुमावत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

रविकुमार कुमावत बने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग बीसलपुर परियोजना खण्ड प्रथम कावेरी पथ, मानसरोवर जयपुर में कार्यरत श्री रविकुमार कुमावत को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत कर इनका पदस्थापन कार्यालय सहायक अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग जिला ग्रामीण उप खण्ड प्रथम सांगानेर, जयपुर में किया गया है। श्री रवि कुमार कमावत को पदोन्नति पर **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकानाएं।

राधिका कुमावत इंस्पायर अवार्ड से सम्मानित

पोटला स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, गंगापुर, भीलवाड़ा की कक्षा 7 की छात्रा राधिका कुमावत को इंस्पायर अवार्ड मानक योजना वर्ष 2022-23 के लिए चयनित किया गया है। यह अवार्ड नवाचार को प्रोत्साहन देने हेतु विज्ञान एवं गणित विषय के विद्यार्थियों को दिया जाता है। चयनित छात्र-छात्राओं के बैंक खाते में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली द्वारा डिबीटी के जरिए 10,000 रुपए की राशि जमा कराई जाती है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से राधिका कुमावत को हार्दिक बधाई।

चेतन कुमावत जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर का 'टीम 13 का दम' उदयपुर ने मेवाड़ी पगड़ी व उपरणा ओढ़ाकर किया स्वागत

उदयपुर। जिलाध्यक्ष का दो दिवसीय उदयपुर प्रवास पर महासभा भवन प्रांगण में टीम 13 का दम ने मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। टीम ने महासभा भवन का अवलोकन कराया व भवन के निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। चेतन कुमावत ने नगर महासभा उदयपुर के द्वारा किये गए कार्यो एव सकारात्मक प्रयासों की भूरी.भूरी प्रशंसा करते हुए नगर महासभा टीम को धन्यवाद दिया। इन्होंने महासभा भवन निर्माण कार्य के लिए 5,051 रुपये का नकद आर्थिक सहयोग किया।

टीम-13 का दम का जयपुर दौरा

टीम-13 का दम के सदस्य तीन दिवसीय दौरे पर राजसमंद, अजमेर, किशनगढ़, दूदू, बगरू का दौरा करने के पश्चात 03 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय महासभा के पूर्व अध्यक्ष ताराचंद जी सिरोहिया, पूर्व महामंत्री छोटू राम बड़ीवाल, विजय पाल मारवाल, महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गोपाल अनावड़िया, प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर कुमावत, प्रदेश महामंत्री रूप किशोर जी रतिवाल, पूर्व उतरी-पूर्वी जोन अध्यक्ष रामप्रकाश जी बेरा, उत्तरी पूर्वी जोन जिलाध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा BJP चेतन जी धुंधारिया, सदस्य श्रीमती नीतू गेदर, **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका के सह-संपादक जयसिंह गुड़ीवाल एवं सह-कोषाध्यक्ष खेमचन्द खड़गटा, उदयपुर

जिला महासभा भामाशाह एवं बिल्डर श्री राजेन्द्र खोरानिया, भामाशाह श्री ओम प्रकाश माचीवाल से औपचारिकता मुलाकात कर हुए उन्हें '13 का दम टीम' के उद्देश्य और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी व सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जयपुर ने महासभा भवन में 21,000/- रुपये का सहयोग दिया। श्री चेतन धुन्धारिया को महासभा भवन निर्माण कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

पचार एकता मंच, जयपुर द्वारा नववर्ष स्नेह मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन

पचार एकता मंच, जयपुर का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह जयपुर में सीकर रोड पर स्थित नीलगिरी होटल में 8 जनवरी 2023 को संपन्न हुआ। यह जयपुर में रह रहे पचार ग्राम वासियों का संगठन है। मंच में 200 परिवारों को एक जगह इकट्ठा किया गया है।

इसमें लगभग एक हजार सदस्य हैं। इसमें करीब 250 सहभागियों ने हिस्सेदारी की जिसमें बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे शामिल थे। पचार एकता मंच के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण कुमावत तथा मनोज सिरसवा वाणिज्य सचिव हैं।

इस अवसर पर पचार एकता मंच की डायरेक्टरी के प्रकाशन के विषय में बताया गया। मंच संचालन श्री लक्ष्मी नारायण कुमावत ने किया। वरिष्ठजनों तथा विशिष्टजनों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में खाचरियावास के प्रिंसिपल पंडित श्री श्रीराम शर्मा को मोमेंटो देकर व एंबलम की माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा 80 वर्ष व उससे अधिक की उम्र के वरिष्ठ व प्रबुद्धजनों का सम्मान किया।

इसके साथ ही विशेषजनों में स्टेट लेवल पर मेडल प्राप्त कुशाग्र काला तथा राजस्थान लेवल पर पेंटिंग के अंदर मुख्यमंत्री से सम्मानित प्रियंका कुमावत का सम्मान किया गया। पचार के सरपंच श्री राहुल कुमावत का तथा वार्ड 15 जयपुर की पार्षद श्रीमती मीनाक्षी शर्मा का भी स्वागत किया गया। धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इसके बाद सभी ने भोजन का आनंद लिया ।

शादी के लिए चार नहीं तीन साख टालने का निर्णय

नावां में कुमावत समाज की बैठक हुई जिसमें शादी-विवाह में आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए अब रिश्ता करने पर चार साख टालने के स्थान पर तीन साख टालने का निर्णय लिया गया जिसमें स्वयं, माँ तथा दादी की साख टालने की व्यवस्था होगी तथा नानी की साख को टालने की परम्परा त्यागने का निश्चय किया गया। श्री कुमावत समाज सुधार एवं सेवा समिति तथा श्री कुमावत समाज की संयुक्त बैठक में अध्यक्ष नारायण लाल नोखवाल व मदनलाल पिपलोदा की अध्यक्षता में यह सहमति बनी।

बैठक में शादी विवाह में DJ पर प्रतिबन्ध को आगे बढ़ाया गया, मृत्युभोज नहीं करने, पंचों की उपस्थिति में पगड़ी का दस्तूर करने तथा मृतक के परिवार में भोजन नहीं करने का भी निर्णय

लिया गया। समाज की 24 साल तक सेवा करने व सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू करने वाले भींवाराम मोरवाल तथा कुमावत युवा शक्ति के अध्यक्ष राजेश कुमावत जिन्होंने रक्तदान शिविर में 625 यूनिट रक्त संग्रह किया का, साफा व माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

श्रद्धा-सुमन चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना

श्री राजेश कुमावत पार्षद वार्ड नं. 135, जयपुर नगर निगम ग्रेटर (मो. 9057502446) के प्रयासों से सर्वसमाज द्वारा श्रद्धा-सुमन चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की गई है। इस ट्रस्ट द्वारा सर्वसमाज को तीये की बैठक के लिए कारपेट, टेबल, कुर्सी, कनात, गद्दे, चादर तथा माइक सेट आदि नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इस ट्रस्ट का कार्यालय किसान मार्ग, टोंक रोड, जयपुर स्थित बालोदिया की कोठी है। इस कार्य के लिए ट्रस्ट के संस्थापकों को साधुवाद।

मनीषा कुमावत को गौरव शिक्षक सम्मान

मनीषा कुमावत अध्यापिका राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय राजराजेश्वर रोड, केशवरायपाटन को गौरव शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके द्वारा की गई उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवा, सह-शैक्षणिक क्षेत्र में किये अनुकरणीय कार्यों, नवाचारों तथा कोरोना के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। इन्हें पहले भी अनेक सम्मानों से विभूषित किया जा चुका है। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से मनीषा कुमावत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना।

6 जनवरी को सीकर में जादूगर आंचल के शो के उद्घाटन में संतों ने की शिरकत

13 साल बाद अपने पैतृक जिले में आई शेखावाटी की लाडली जादूगर आंचल के उद्घाटन समारोह में 6 जनवरी को रेवासा धाम के अग्र पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य जी, लोहार्गल सूर्य मंदिर के पीठाधीश्वर जगतगुरु महंत स्वामी अवधेशाचार्य जी, अनंत तपस्वी एवं भजन सम्राट संत श्री प्रकाश दास जी महाराज, कथाकार गोपाल कृष्ण जी महाराज सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने जादूगर आंचल के शो में पधार कर जादू का लुत्फ उठाया एवं भरपूर आशीर्वाद दिया।

सीकर के रामलीला मैदान में इन दिनों रोजाना आंचल का शो हाउसफुल जा रहा है।

इंजी. पंकज सिरोहिया विराट बजरंग दल के राजस्थान युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

विराट बजरंग दल राजस्थान युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद पर इंजी. पंकज सिरोहिया को मनोनीत किया है। सिरोहिया के राजस्थान युवामोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सभी मित्रगण समाजबंधु आदि लोगों ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष युवामोर्चा ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कैलाश कुमावत राष्ट्रीय ज्वाइंट कॉर्डिनेटर मनोनीत

अकलेरा, झालावाड़, राजस्थान के श्री कैलाश कुमावत को ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय यादव की सहमति से महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने नेशनल ज्वाइंट कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री कैलाश कुमावत को हार्दिक बधाई।

एक शाम श्याम सांवरे के नाम भजन संध्या का आयोजन

'श्री श्याम प्रेमी परिवार' जयपुर की ओर से नववर्ष की पूर्व संध्या पर 'एक शाम श्याम सांवरे के नाम' भजन संध्या का आयोजन न्यू सांगानेर रोड, जयपुर स्थित ओमकार मैरिज गार्डन में किया गया। कलाकारों ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी, जो देर रात तक चली, इस भजन संध्या में श्रोता मंत्र मुग्ध होकर भजनों का आनन्द लिया। श्याम बाबा का अलौलिक श्रृंगार कर इत्र व पुष्प वर्षा की गई। कीर्तन की है रात बाबा आज थानै आनो है....., कर ले भरोसा श्याम प्रभु का.....,

मुझे चढ गया श्याम रंग..... जैसे भजनों को सुनकर भक्त देर रात तक भावविभोर नृत्य करते रहे।

कार्यक्रम संयोजक वंदना फ्लावर्स के शंकर बालोदिया ने बताया कि प्रभु श्याम को छप्पन भोग तथा पौष बड़ो का भोग लगाया गया। इसके बाद पौष बड़ो की प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के अध्यक्ष रमेश गैदर, चेतन बालोदिया, जयसिंह गुडीवाल, खेमचंद खडगटा, राकेश कुमावत व सौभागमल कुमावत व शशि कुमार खडगटा ने भी शिरकत की।

दहमी कलां बगरू द्वारा आयोजित वैवाहिक सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

श्री क्षत्रिय कुमावत समाज कल्याण संस्थान दहमी कलां बगरू के पांचवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन चेतन कुमावत जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर द्वारा किया गया। विवाह सम्मेलन बुधवार 25 जनवरी 2023 को आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर रामसहाय जी सरोड़िया अध्यक्ष श्री क्षत्रिय कुमावत समाज कल्याण संस्थान दहमी कलां, चैनसुख बड़ीवाल महामंत्री, रामलाल बैथाडिया सदस्य, रामरतन बैरा कोषाध्यक्ष, गणेश कुमावत सरपंच दहमी कलां, जयसिंह कुमावत जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर, संदीप कुमावत जिला कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा, खेमचंद खड़गटा कोषाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा महेश नगर मंडल उपस्थित थे।

कुमावत बेलदार समाज सेवा संगठन की नवीन कार्यकारिणी गठित

8 जनवरी 2023 को कुमावत बेलदार समाज सेवा संगठन की वर्ष 2023-2026 की नूतन प्रदेश कार्यकारिणी निर्वाचित हुई। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष वसंतरावजी मुंडावरे, संस्थापक अध्यक्ष श्रीकांतजी परदेशी भी उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारी निम्नानुसार है-

प्रदेशाध्यक्ष- प्रदीप कामे शहादा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष- घनश्याम कुदेवाल अकोला, प्रदेश उपाध्यक्ष- कैलास कुंडलवाल नाशिक, प्रदेश सचिव- भगवान कुमावत मुंबई, प्रदेश कार्याध्यक्ष- दीपक घोडेले नेवासा, प्रदेश आईटी व प्रसिद्धी प्रमुख- चंदन नाईक, प्रदेश आईटी व प्रसिद्धी उपप्रमुख- मनोज बेलदार, नाशिक विभागीय अध्यक्ष- संजय बागोरे सटाणा, खानदेश विभागीय अध्यक्ष- शंकर कुमावत जलगांव , मराठवाडा विभागीय अध्यक्ष- विकास परदेशी बीड, विदर्भ विभागीय अध्यक्ष- दिलीप मलिये अकोला, मुंबई विभागीय अध्यक्ष- प्रवीण कुमावत कल्याण, पुणे विभागीय अध्यक्ष- अविनाश बैताडे पुणे।

वरिष्ठ सलाहकार-वसंतजी मुंडावरे सटाणा, शिवपालजी मलिये दर्यापूर, हरीश दादा बहिरे अंजनगाव सूर्जी, बापू साहेब कुमावत मुंबई, विनयराव नाईक पुणे।

ढूँढाड़ परिषद का पतंग महोत्सव सम्पन्न

गंगा माता मंदिर स्टेशन रोड पर हर वर्ष की भांति ढूँढाड़ परिषद ने पतंगबाजी का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें प्रसिद्ध लोकगीत गायक कैलाश गौड़ की टीम ने ढूंढाड़ी लोक गीतों की प्रस्तुति दी।

परिषद अध्यक्ष विजय पाल कुमावत ने बताया की परिषद ये कार्यक्रम हर वर्ष सक्रांति के एक दिन पहले करता आया है। परिषद उपाध्यक्ष एवं पार्षद कपिला कुमावत ने सबका स्वागत किया, जिसमें पूर्व बीजेपी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, सुरेन्द्र पारीक सहित हेरिटेज ग्रेटर के 60 पार्षद सहित कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव गिरिराज गर्ग, आर आर तिवाड़ी, पूर्व बीजेपी जयपुर शहर अध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव एवं संजय जैन जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल सहित ढूँढाड़ के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विभिन्न संस्थानों में नई भर्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित

संकलनकर्ता **मनीष कुमावत,** सांगानेर

क्र. सं.	विभाग का नाम	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान / लेवल	अधिकतम आयु	योग्यता	अंतिम तिथि	वेबसाईट का पता
1	राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर	सूचना सहायक	2730	लेवल–6	40	कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक	25.2.23	https://sso.rajasthan.gov.in/
2	जी. जी. टी. विश्वविद्यालय, बासवाड़ा, राज.	राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा	00	लेवल–8	40	संबंधित स्नातकोत्तर	11.2.23	www.ggtu.ac.in
3	एम्स जोधपुर, राजस्थान	वरीष्ठ रेजिडेंटस्	113	लेवल– 10	40	संबंधित स्नात्तकोत्तर	03.2.23	http://www.aiimsjodhpur.edu.in/
4	आयकरविभाग, चैन्नई	इक्सपेक्टर	28	लेवल– 6	30	स्नातक एवं खेल प्रमाण–पत्र	06.2.23	https://img.freejobalert.com/uploads/2023/01/Notification-Incometax-Various-Vacancy posts.pdf
5	आयकर विभाग, चैन्नई	कर सहायक	28	लेवल– 4	30	स्नातक एवं खेल प्रमाण–पत्र	06.2.23	https://img.freejobalert.com/uploads/2023/01/Notification-Incometax-Various-Vacancy-posts.pdf
6	आयकरविभाग, चैन्नई	एम टी एस	16	लेवल– 3	30	10वीं एवं खेल प्रमाण–पत्र	06.2.23	https://img.freejobalert.com/uploads/2023/01/Notification-Incometax-Various-Vacancy-posts.pdf
7	जी ए आई एल इंडिया लिमिटेड	चीफ मैनेजर	5	लेवल– 10	40	संबंधित स्नात्तकोत्तर	02.2.23	https://gailebank.gail.co.in/recruitmentSystem/user/er_login.aspx
8	जी ए आई एल इंडिया लिमिटेड	सीनियर इंजिनियर	132	लेवल– 6	28	संबंधित स्नात्तकोत्तर	02.2.23	https://gailebank.gail.co.in/recruitmentSystem/user/er_login.aspx
9	जी ए आई एल इंडिया लिमिटेड	सैक्शन ऑफिसर	127	लेवल– 4	28	स्नात्तकोत्तर	02.2.23	https://gailebank.gail.co.in/recruitmentSystem/user/er_login.aspx
10	जी ए आई एल इंडिया लिमिटेड	ऑफिसर	14	लेवल– 3	45	स्नातकोत्तर	02.2.23	https://gailebank.gail.co.in/recruitmentSystem/user/er_login.aspx
	कुल रिक्तियाँ		**3193**					

नोट : केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य

उत्तराखण्ड सरकार ने डॉ. पवन कुमावत को विशेष अवार्ड से नवाजा

बद्रीनाथ की बर्फीली वादियों में मेडिकल सेवा करने के लिए डॉ. पवन कुमावत को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री द्वारा विशेष सम्मान से नवाजा गया है। इनकी टीम 6 सिग्मा हैल्थ केयर द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में अदम्य साहस व पराक्रम के बल पर केदारनाथ, बद्रीनाथ, तुंगनाथ में वर्ष 2022 में हाई आलटीट्यूट स्वास्थ्य सेवाए प्रदान की है तथा चार धाम यात्रा के दौरान सराहनीय काम किया है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से डॉ. पवन कुमावत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना।

एक नजरिया ये भी

एक डॉक्टर बहुत ही होशियार थे। उनके बारे में यह कहा जाता था कि वह मौत के मुंह में से भी बीमार को वापस ले आते थे। डॉक्टर के पास जो भी मरीज आता वह उससे एक फॉर्म भरवाते थे। मरीज से यह पूछते कि आप इस फार्म में लिखें कि यदि आप बच गए तो किस तरह से बाकी जिंदगी जीयेगें और आपके जीवन में क्या करना शेष रह गया है जो आप करना चाहेंगें?

सभी मरीज अपने मन की बात लिखने लगे। अगर मैं बच गया तो अपने परिवार के साथ अपना समय बिताऊँगा। मैं अपने पुत्र और पुत्री की संतानों के साथ जी भर कर खेलूंगा। मैंने अपने पति और उनके माता पिता का बहुत दिल दुखाया है, ऑपरेशन के बाद मैं उन सबसे माफी माँगूंगी और उनके साथ हंसी खुशी मिलकर रहूंगी। किसी ने जी भर कर पर्यटन तो किसी ने घूमने का शौक पूरा करने का लिखा। किसी ने तो यह भी लिखा कि मेरे द्वारा जिंदगी में यदि किसी को ठेस पहुंची है तो मैं उससे माफी मागूँगा। किसी ने लिखा कि मैं अपनी जिंदगी में हँसी की मात्रा बढ़ा दूंगा। जिंदगी में किसी से भी शिकायत नहीं करूंगा और ना किसी को शिकायत का मौका दूंगा। किसी का भी मन न दुखे ऐसा काम करूंगा। बहुत से लोगों ने तरह-तरह की बातें लिखी।

डॉक्टर आपरेशन करने के बाद जब मरीज को छुट्टी देते तब वह लिखा हुआ फार्म उन्हे वापस कर देते थे। मरीज से कहते कि आपने जो भी फॉर्म में लिखा है वह आप अपनी जिंदगी में कितना पूरा कर पा रहे हैं उस पर निशान लगाते जाएं। जब भी मेरे पास आएं तब मुझे बताएं कि आप इसमें से किस तरह की जिंदगी जी रहे है। डॉक्टर ने बताया कि एक भी व्यक्ति ने ऐसा नहीं लिखा कि अगर मैं बच गया तो मुझे किसी से बदला लेना है। अपने दुश्मन को खत्म कर दूंगा। मुझे बहुत धन कमाना है। अपने आपको बहुत व्यस्त रखना है। सबसे हंस बोल कर रहना है। प्रत्येक का जीवन जीने का नजरिया अपना-अलग था। डॉक्टर ने प्रश्न किया की जब आप स्वस्थ थे तब आपने इस तरह का जीवन क्यों नहीं जिया। आपको कौन रोक रहा था? अभी कौन सी देरी हो गई है? कुछ क्षण अपने जीवन के बारे में चिंतन मनन करें। हमें अपनी जिंदगी में किस तरह का जीवन जीना शेष रह गया है जो हम जीवन जीना चाहते थे? बस इस तरह का जीवन जीना प्रारम्भ करें।

जीवन का आनंद तब ही है कि जब जीवन की यात्रा पूर्ण हो तब कोई कामना नहीं रहे, कोई अफ़सोस ना रहे। मन में यह ना रहे कि मैं, जैसा हँसमुखी जीवन जीना चाहता था वैसा जीवन नहीं जी सका। **इस सकारात्मक व्यवहार से मरीज भी जल्दी ठीक हुए तथा उनके जीवन में भी बदलाव आये, जिससे उन्हें संतुष्टी मिली।**

- कुमावत इंडिया पत्रिका टीम

नवाचार

आओ संस्कृत सीखे

संस्कृत	हिन्दी
भवान्/भवती कस्यां कक्षायां पठति?	तुम किस कक्षा में पढ़ते हो ?
अहं पंचम-कक्षायां पठामि	मैं पाँचवी कक्षा में पढ़ता हूँ।
भवत: ग्राम:/भवान् कुत्रत्य: ?	आप कहाँ के रहने वाले हैं?
अहं सांगरिया ग्रामस्य निवासी अस्मि।	मैं सांगरिया ग्राम का निवासी हूँ?
कुत: आगच्छति?	आप कहाँ से आ रहे हैं?
विद्यालयत:	स्कूल से
गृहत: आगच्छति	घर से आ रहा/रही हूँ।
.....त:	.....से।
कुत्र गच्छति?	आप कहाँ जा रहे हैं?
देवालयं गच्छामि।	मन्दिर जा रहा हूँ।
(कार्यालयम्) गच्छामि।	(कार्यालय) जा रहा हूँ।
स्वल्पम्।	जरा सा/थोड़ा-बहुत।
अहं न जानामि।	मैं नहीं जानता हूँ।
किमर्थं न भवति?	क्यों नहीं होता हैं?
अथ किम्?	और क्या?
नैव खलु।	नहीं तो ।
आगच्छतु।	आइये/ पधारिये।
उपविशतु।	बैठिये।

व्यवहारिक शब्दावली

संस्कृत	हिन्दी
पुष्पम्	फूल
घटी	घड़ी
दीप:	दीप
कण्ठाहार:	हार
गन्धवर्तिका	अगरबत्ती
सिक्थवर्तिका	मोमबत्ती
दन्तकूर्च:	ब्रश
दन्तफेन:	पेस्ट
वातायनम्	खिड़की
पादरक्षा	चप्पल
कट:	दरी
आच्छादकम्	चादर
कर्तरी	कैंची
क्षालनचूर्णम्	धुलाई का चूर्ण
कण्डोल:	टोकरी

-परमेश्वर प्रसाद कुमावत
(राज्य पुरस्कृत शिक्षक),
शाहपुरा (भीलवाड़ा) 9829321742

बोध कथा

एक बार ज्ञानेश्वर महाराज सुबह-सुबह नदी तट पर घूमने निकले तो देखा कि एक लड़का नदी में गोते खा रहा है और पास में ही एक संन्यासी आँखें बन्द करके बैठा है। ज्ञानेश्वर महाराज तुरन्त नदी में कूदे, उस डूबते हुए लड़के को बाहर निकाला। फिर वे संन्यासी के पास जाकर बोले—'ओ संन्यासी महाराज।'

संन्यासी ने आंखें खोलीं तो ज्ञानेश्वरजी महाराज बोले-

'क्या आपका ध्यान लगता है?'

संन्यासी ने कहा—**'ध्यान तो नहीं लगता है, मन इधर-उधर भागता है।'**

ज्ञानेश्वर जी-'यह लड़का डूब रहा था, क्या आपको दिखाई नहीं दिया?'

संन्यासी ने कहा—**'देखा तो था लेकिन मैं ध्यान कर रहा था।'**

तब ज्ञानेश्वरजी महाराज बोले—**'फिर आप ध्यान में कैसे सफल हो सकते हो? ईश्वर ने आपको किसी की सेवा करने का अवसर प्रदान किया था। यह आपका कर्तव्य भी था। यदि आप इस कर्तव्य का पालन करते तो ध्यान में भी मन लगता।'**



'ईश्वर की सृष्टि, ईश्वर का बगीचा बिगड़ रहा है और आप बगीचे में आनन्द लेना चाहते हो, बगीचे का आनन्द लेना है तो बगीचे को सँवारना भी पड़ता है।'

परहित के कार्य, शास्त्र-सम्मत, संत-अनुमोदित कार्य, आसक्तिरहित कार्य मानव की योग्यताओं को प्रदर्शित करते हैं।

शास्त्रों में इस बात को रेखांकित किया गया है कि जो गति योगी व संन्यासी को मिलती है वही गति निष्काम कर्म करने वाले को मिलती है।

प्रो- बालकृष्ण कुमावत, उज्जैन

भक्ति का महत्व

पश्चिम की विज्ञान की आँधी ने हमारा माइंड सेट ऐसा बना दिया है कि भारतीय मनीषियों की कोई बात हमारे ज़ेहन में तब तक नहीं उतरती है जब तक कि वैज्ञानिक रूप से वह बात सिद्ध न हो जाएं, तब तक अंधविश्वास ही मानते हैं।

अत: भक्ति की वैज्ञानिकता को परखने की कोशिश की गई है। भक्ति और कुछ नहीं है बल्कि किसी के प्रति कृतज्ञता के भाव दर्शित/ उद्-भवित (Express / Cultivate) करना है। वह चाहे परम पिता परमेश्वर हो या अल्लाह हो या God हो या फिर वायु, अग्नि, आकाश, पृथ्वी, जल जैसे पंचभूत हो या सूर्य, चन्द्रमा आदि ग्रह व तारे हो। अर्थात् प्रकृति में जिनसे भी हमें कुछ मिलता है/जिनके भी हम ऋणी है, जिन्हें भारतीय मनीषियों ने देवता कहा, उनके प्रति हमारे विचारों में कृतज्ञता के भाव होने चाहिये तथा यही हमारी भक्ति है। हमारे मन में किसी के प्रति कृतज्ञता के भाव है तो उस वक्त हम भक्ति का कृत्य कर रहे हैं। इसी तथ्य को मद्देनज़र रखते हुए भारतीय मनीषियों ने 33 करोड़ देवी-देवताओं की परिकल्पना हमारे सामने रखी, जिसकी आजकल के कई लोग हँसी उड़ाते हुए मिल जाते हैं।

वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब भी हमारे ज़ेहन में किसी के प्रति कृतज्ञता के भाव आते हैं तो इस कृतज्ञता के भाव का लाभ हमारे शरीर में स्थित 50 खरब कोशिकाओं को मिलता है। प्रकृति का यह नियम है कि हमारे शरीर में हर क्षण अरबों कोशिकाएँ मर कर नई पैदा होती रहती है। इस प्रक्रिया के दौरान DNA Replication होता है जिसके तहत क्रोमोसोम्स की लम्बाई कुछ कम हो जाती है, जो कि हममें बुढापे का प्रभाव (Aging Effect) एवं अन्य बीमारियों जिसमें कैंसर भी सम्मिलित है के लिए जिम्मेदार है। कृतज्ञता/भक्ति के भाव से यह लम्बाई पुन: बढ़ जाती है। इसीलिए मानव जीवन में भारतीय मनीषियों ने भक्ति/कृतज्ञता के भाव को इतना महत्त्व दिया।

-सुखराम सिंघाटिया

देवांशु कुमावत को राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग में गोल्ड

देवांशु कुमावत पुत्र कमल किशोर कुमावत जो कक्षा 12 वाणिज्य संकाय के छात्र हैं, ने जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। अब देवांशु कुमावत को नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से देवांशु कुमावत को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

सामूहिक विवाह

- **दहमीकलां बालाजी :** 25 जनवरी, 2023
- **सांगानेर, जयपुर :** 26 जनवरी, 2023
- **बंधे के बालाजी :** 21 फरवरी, 2023
- **ब्यावर :** 21 फरवरी, 2023
- **चौखला 35 गांव गाडरिया वास तहसील छोटी सादड़ी प्रतापगढ़ :** 23 अप्रेल 2023

राष्ट्रीय जम्बूरी-2023

आप सभी को नववर्ष की बहुत-बहुत शुभकामनाएं तथा बधाई। आशा है नववर्ष का भास्कर सभी के लिए हर्ष और उल्लास के साथ उन्नति, विकास तथा सफलता के नवीन आयाम लेकर उदित हुआ है। वर्ष 2023 राजस्थान के लिए ऐतिहासिक वर्ष के रूप में उभर कर आया है। नये साल के आगाज के साथ ही 4 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक 18वीं स्काउट एवं गाइड जम्बूरी का आयोजन राजस्थान के पाली जिले के रोहट में किया गया। अत्यन्त सौभाग्य की बात है कि लगभग 67 साल बाद जम्बूरी के लिए राजस्थान की मरूभूमि में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान आयोजित हुई जिसमें 35 हजार से अधिक देशी एवं विदेशी स्काउट्स एवं गाइड्स ने अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक परम्पराओं, गतिविधियों एवं विचारधारा को साझा किया। स्काउट-गाइड संगठन **वसुधैव कुटुम्बकम्** की भावना को प्रबल करता है। वर्तमान में इस संगठन में 63 लाख से अधिक सदस्य हैं जो इंसानियत, परहित, सेवाभावना, अनुशासन एवं आत्मसमर्पण की भावना से कार्य करते हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कारों का बीजारोपण होता है तथा ये संस्कार जीवन भर उनको दिशा निर्देश करते हैं। लगभग 220 हैक्टेयर क्षेत्र में जम्बूरी में एक अस्थायी टैंट सिटी का निर्माण किया गया। इसमें 35 ब्लॉक तैयार किए गए, प्रत्येक ब्लॉक में 100-100 टैंट लगाए गये जिसमें प्रत्येक में 8 से 10 विद्यार्थी के ठहरने की व्यवस्था रखी गई, प्रत्येक में राज्यवार किचन बनाई गई। सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र एरिना (स्टेडियम) था जिसमें 37 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था थी जिसकी क्षमता एसएमएस स्टेडियम से दोगुनी है। यह स्टेडियम लकड़ी की बल्लियों की सहायता से अस्थाई रूप से स्काउट्स गाइड्स द्वारा ही तैयार किया गया था। जम्बूरी विलेज में हैलीपेड, डिस्पेन्सरी, बाजार, सरोवर, प्रदर्शनी आदि बनाये गये। बच्चों ने अपना भोजन स्वयं ही तैयार किया। जम्बूरी में विशेष आकर्षण का केन्द्र 80 से अधिक एडवेन्चर्स रहे जिनमें बच्चों ने अपनी जांबाजी, बहादुरी एवं शारीरिक कुशलता का परिचय दिया।

4 जनवरी को जम्बूरी का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भारत स्काउट गाइड के मुख्य अध्यक्ष अनिल जैन एवं राजस्थान स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य इत्यादि भी मौजूद थे। उद्घाटन कार्यक्रम अत्यन्त ही भव्य एवं मोहक था। अनेक कलाकारों ने अपनी कला की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के फाइटर विमानों **सूर्यकिरण** द्वारा 22 मिनट तक हैरतअंगेज एयर शो का प्रदर्शन किया। 35 हजार स्काउट्स ने सहगान के रूप में जम्बूरी गीत गाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। 7500 स्क्वायर फिट का राष्ट्रीय ध्वज जम्बूरी के भव्य प्रांगण में प्रदर्शित करके एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। अनेक रंगारंग कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों, बैंड शो, एडवैन्चर्स, प्रदर्शनी, कैम्प फायर, झांकी, प्रदर्शन तथा पारितोषिक वितरण इत्यादि से सजा सात दिवसीय यह महाकुंभ 10 जनवरी 2023 को अपनी भव्य छठा बिखेरते हुए सबके दिलों को जीतकर अत्यन्त भावुक तथा अपनत्व के भाव के साथ सभी को अविस्मरणीय पलों का अनुभव कराकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह राजस्थान के लिए गर्व की बात है।

- उर्वशी बालोदिया

समयसूचक AM और PM का आशय क्या है?

समयसूचक AM और PM शब्दों का इन दो शब्दों का मतलब होता है : AM : Ante Meridian, PM : Post Meridian.



एंटी यानि पहले, लेकिन किसके? पोस्ट यानि बाद में, लेकिन किसके? यह कभी साफ नहीं किया गया, क्योंकि यह इन शब्दों का लघुतम रूप है। काफ़ी अध्ययन करने के पश्चात ज्ञात हुआ कि ये हमारी प्राचीन संस्कृत भाषा से है, देखिये-

AM = आरोहनम् मार्तण्डस्य Aarohanam Martandasya

PM = पतनम् मार्तण्डस्य Patanam Martandasya.

स्पष्ट है कि इसका उद्गम भारत ही हुआ था कहीं ओर नहीं। सूर्य, जो कि हर आकाशीय गणना का मूल है, उसी को विदेशियों ने गौण कर दिया। अंग्रेजी के ये शब्द संस्कृत के उस वास्तविक अर्थ को इंगित नहीं करते। आरोहणम् मार्तण्डस्य यानि सूर्य का आरोहण (चढ़ाव) तथा पतनम् मार्तण्डस्य यानि सूर्य का ढलाव। बारह बजे के पहले सूर्य चढ़ता रहता है यानी 'आरोहनम मार्तण्डस्य' (AM) तथा बारह बजे के बाद सूर्य का अवसान/ ढलाव होता है यानी 'पतनम मार्तण्डस्य' (PM)।

पश्चिम के प्रभाव में रमे हुए और पश्चिमी शिक्षा पाए कुछ लोगों का कहना है कि समस्त वैज्ञानिकता पश्चिम जगत की देन है। जबकि हमारे ऋषि-मुनियों की हजारों साल की शोध व तपस्या से समृद्ध विरासत, परंपराए और संस्कृति का पालन करते हुए भी आधुनिक और उन्नत हुआ जा सकता हैं। इस पर हम गौरव की अनुभूति करें।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से समाजजनों को CA बनने तथा राजकीय सेवाओं में चयनित होने पर हार्दिक बधाई

नवरत्न मारवाल
CA

हिना कुमावत
मुम्बई CA

आदित्य कुमावत
CA

सुनील घासोलिया
CA

मनीषा कुमावत
CA

दीपक कुमावत
पायलट

प्रियंका कुमावत
असिसटेन्ट प्रोफेसर

मोनिका कुमावत
सहायक सांख्यिकी अधिकारी



लोकेश कुमावत
सहायक सांख्यिकी अधिकारी

नरेश कुमावत
चिकित्सा अधिकारी

धनन्जय कुमावत
चिकित्सा अधिकारी

श्रीमती रेनु एवं श्री चेतन कुमावत
को
25वीं वैवाहिक वर्षगांठ
5 फरवरी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

शुभेच्छुः

भारती -रमेश तोंदवाल
सचिव- कुमावत इंडिया पत्रिका
मो. : 9414810584

नीतू - पवन गैदर
जिला कार्यकारिणी सदस्य, ओबीसी मोर्चा,
जयपुर शहर मो. : 8949602863

ऊषा-संदीप कुमावत
मंत्री, ओबीसी मोर्चा, महेश नगर मण्डल-
जिला कार्यकारिणी सदस्य, ओबीसी मोर्चा,
जयपुर शहर मो. : 9351214004

विज्ञापन

कुमावत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

ज्योति शिक्षण सस्थान, उदयपुर के विवेकानन्द सभागार में कुमावत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह-2022 मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज जालवार ने की। आर्थिक ट्रस्ट कि ओर से सोहन लाल मंडलिया व संयोजक गिरधारी लाल कुमावत थे। सरस्वती वन्दना डॉ. आरती कुमावत ने की, स्वागत, उद्बोधन एवं अतिथि परिचय संयोजक गिरधारी लाल कुमावत द्वारा दिया गया।

समिति वर्ष 1997 से छात्रों का लगातार सम्मान कर रही है, समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा व खेलकूद के क्षेत्र में प्रोत्साहन देना, जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता देना व समाजजन जिनकी वर्तमान सत्र में राजकीय सेवा से गौरवमयी सेवानिवृति प्राप्त हुई है, का सम्मान करना है।

प्रतिभा अध्यक्ष डॉ. रवि टांक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे समाज की बालिका शिक्षित होगी तो वह दो परिवारों को शिक्षित करेगी। जिस प्रकार कुमावत समाज बालिका शिक्षा पर समितियों द्वारा जो कार्य कर रही है वह प्रशंसनीय है जिससे बालिका व बालक अपने सपनों को साकार करेंगे।

कार्यक्रम अध्यक्ष पंकज जालवार ने अपने उद्बोधन में सकारात्मक सोच व दृढ़निश्चय के साथ आगे बढ़ने के लिये समाज कि महिलाओं एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया एवं इस प्रकार के आयोजन हेतु समिति सदस्यों की प्रशंसा की।

सभी प्रतिभाओं को अंशुल स्मृति में जितेन्द्र तुनीवाल द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये। कक्षा 10वीं व 12वीं के टॉपर्स को अनन्तराम झालवार ट्रस्ट की ओर से कुल 04 विद्यार्थियों को उपहार भेंट किये गये।

सैकण्डरी से उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम की 60 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया साथ ही समाज के इस वर्ष सेवानिवृत्त कुल 04 समाजबन्धुओं को शॉल, उपरणा एवं श्रीनाथ जी की तस्वीर से सम्मानित किया गया।

....शेष पृष्ठ 19 पर



विज्ञापन

बसंत पंचमी पर्व

इस बार 26 जनवरी, 2023 को **गणतंत्र दिवस** के साथ-साथ **बसंत पंचमी** पर्व भी है। पाठकों को इन उत्सवों की हार्दिक बधाई।

माघ शुक्ल पंचमी को विद्या व संगीत की देवी माँ सरस्वती की पूजा का विधान है। इसे ऋषि पंचमी तथा रंग पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन पीले वस्त्र व पीले आभूषण धारण कर पीले पुष्पों से पूजा की जाती है। पीला रंग ज्ञान, विद्या तथा खुशियां व्याप्त करता है।

माँ सरस्वती का जन्म बसंत पंचमी को होना माना गया है, जो चतुर्भुजी देवी है। जिनके एक हाथ में वीणा, दूसरे में पुस्तक, तीसरे में एक माला तथा चौथा हाथ वरदान मुद्रा में है। कहा गया है कि सृष्टि के सृजन करने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं हुए, उन्हें लगा कि कुछ कमी रह गई है, कारण था चारों ओर शांत व मौन वातावरण। तब उन्होंने विष्णु जी से इस बारे में विचार-विमर्श किया। तब विष्णु जी ने माँ आदिशक्ति का आह्वान कर बुलाया और इस समस्या का निवारण करने को कहा। माँ-दुर्गा ने तब शरीर से श्वेत रंग का तेज उत्पन्न किया, उससे एक दिव्य देवी सरस्वती प्रकट हुई। तब देवी सरस्वती ने पृथ्वी के वातावरण में हलचल, वायु प्रवाह तथा वीणा से संगीत उत्पन्न किया। माँ सरस्वती को देवों ने वीणा देवी कहा, इन्हें वागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणा वादिनी और वाग्देवी भी कहा जाता है।

प्रकृति का दिव्य रूप : बसंत ऋतु के आगमन पर प्रकृति का कण-कण खिल उठता है। शीत ऋतु समाप्त हो जाती है और नई उमंग तथा नई चेतना का संचार होता है। पेड-पौधों पर नई कोपल खिल उठती है, खेत-खलिहानों में सरसों के पीले रंग से धरती आच्छादित होकर खुशियां बिखेर देती हैं। इन्हें देखकर स्वर्ग सी सुन्दरता का आभास होता है, किसानों के चेहरे खिल उठते हैं तथा जीव जन्तु, पशु, मानव तथा वृक्षादि उल्लास से भर जाते हैं।

....शेष पृष्ठ 19 पर



विज्ञापन

बाबू शोभाराम जी की 129वीं जयंती समारोह मनाया

मत्स्य प्रदेश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानी राजस्थान पीसीसी पूर्व अध्यक्ष बाबू शोभाराम जी की 129 वीं जयंती समारोह 7 जनवरी को ट्रस्ट के जयपुर मुख्यालय में पूर्व अध्यक्ष RPSC श्री एम एल कुमावत (IPS Rtd.) की अध्यक्षता व शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) श्री डूंगरराम गेदर के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। कार्यक्रम में बाबूजी के चित्र पर उपस्थित लोगों ने माला व पुष्प चढ़ाये।

इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष एम एल कुमावत ने कहा कि बाबू जी के विचारों और सिद्धांतों को वर्तमान युवा पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए जिससे युवा पीढ़ी आगे आकर समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उपाध्यक्ष व शिक्षाविद आर डी वर्मा, सचिव एडवोकेट सुरेंद्र लाम्बा, सह-सचिव एडवोकेट रामप्रकाश कुमावत राजस्थानी फिल्म निर्माता चिरंजी कुमावत, श्रीमती इंदिरा सुपुत्री बाबू शोभाराम जी, डॉ. सुभाष देवर्थ, विनोद जालप, हीरालाल कुमावत, कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। आगामी विधानसभा चुनावों में समाज की भागीदारी पर अभी से रणनीति बनाने पर विचार किया गया। श्री डूंगरराम गेदर ने कहा कि हमें बाबूजी के पदचिन्हों पर चलते समाज में पिछड़े वर्ग के लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, ऐसे लोगों को शिक्षा में मदद कर समाज व देश की भागीदारी के लिए आगे लाना चाहिए। आर डी वर्मा, सुरेंद्र लांबा और रामप्रकाश मारोठिया एडवोकेट ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बाबू जी की पुण्यतिथि 22 व 23 मार्च 2023 को प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण अधिवेशन रखने के लिए ट्रस्ट की आगामी मीटिंग में विचार करने का प्रस्ताव पास किया गया। एडवोकेट राम प्रकाश कुमावत ने पधारे हुए महानुभाव का आभार व्यक्त किया।

बाबू शोभाराम के जीवन पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

बाबू शोभाराम आर्ट कॉलेज, अलवर में उनके जीवन पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन डा. महेश गोठवाल तथा प्रिसिंपल लवीना व्यास के प्रयासों से किया गया। इस अवसर पर अजय वर्मा भी उपस्थित थे।

बधाई

ओमप्रकाश घोड़ावड़ कुमावत समाज ट्रस्ट रजि. सूरत के अध्यक्ष मनोनीत।

बद्री नारायण कुमावत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र, जयपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

भीलवाड़ा डेयरी अध्यक्ष गोपाल कुमावत (परासौली सरपंच) नियुक्त।

महाशिवरात्रि पर विशेष

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिव-पार्वती के विवाह की रात्रि मानी जाती है। इस दिन शिव भक्त '**बम बम भोले ...**' और '**ओम नमः शिवाय...**' के जयघोष करते हुए भगवान शिव की आराधना, पूजा, अभिषेक, भजन, मंत्र, जप आदि करते हैं। शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है जहां शिव का जलाभिषेक धतुरे व आक के पुष्पों की माला अर्पण, बील्व पत्रों से पूजा की जाती है तथा रूद्राक्ष की माला से शिव का जाप कर उन्हें प्रसन्न किया जाता है।

याद रखें, पूजा में केतकी के फूल निषेध माने गये हैं। शिव की आधी परिक्रमा ही की जाती है। जलहरि से जल के प्रवाह को सोम सूत्र कहते हैं परिक्रमा में वहां से चलकर नंदी के पीछे तक जाया जाता है और वापस लौटकर आ जाते हैं। शिव आराधना में त्रिपुंड धारण व भस्म लेपन किया जाता है। भक्त इस दिन व्रत रखते हैं तथा कई भक्त तो फलाहार ही करते हैं।

शिवरात्रि पूजा से विवाहित महिलाओं को वैवाहिक आनन्द और समृद्ध पारिवारिक जीवन की प्राप्ति होती है वहीं अविवाहित युवतियां शिव समान आदर्श पति मिलने की कामना करती है।

किवदंति : यह भी कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दौरा उसमें विष कलश भी निकला जो समस्त ब्रह्माण्ड को नष्ट करने की शक्ति रखता था। ब्रह्माण्ड को बचाने के लिए शिव ने इसे पी लिया ओर उनका कंठ नीला हो गया। इस विष के प्रभाव से बचने के लिए उन्हें सारी रात्रि जागना पड़ा और देवता उन्हें लगातार जगाते रहने के लिए नाचते रहे जब तक कि विष का प्रभाव रहा। तब से इस रात्रि को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाने लगा।

शिव के 12 ज्योतिर्लिंग : इन ज्योतिर्लिंगों की जीवन में यात्रा कर दर्शन करना शुभ व लाभदायक माना गया है:-

